प्रारम्भिक सम्बोधन

अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

आप सब लोगों का स्वागत है ।

माननीय सदस्यगण, आज चतुर्दश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र का सुभारम्भ हो रहा है । बिहार की ८ करोड़ जनता का ध्यान सदन की ओर होगा । हमें भारी आशा और उम्मीद से प्रदेश के मतदाताओं ने इस सदन में भेजा है । संसदीय व्यवस्थाओं के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का सामना करते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं का उदाहरण बनना है । सदन के माध्यम से सकारात्मक विवेचना एवं स्वस्थ आलोचना ही हमारी पूंजी होगी । राज्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना होगा । आशा और अपेक्षा है कि सदन के सुव्यवस्थित संचालन में आपका मजबूत एवं सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा साथ ही इस विधायी मंच से आपके रचनात्मक विचार-विमर्श की कामना करता हूँ ।